प्राचार्य का कार्यालय
राजकीय पोलिटेकनिक शेखपुरा
(अवस्थित राजकीय पोलिटेकनिक लखीसराय)

पत्रांक :–156 दिनांकः–22.02.2021

प्रेषक– प्राचार्य,
राजकीय पोलिटेकनिक शेखपुरा

सेवा में, जिला शिक्षा पदाधिकारी,
लखीसराय।

विषय – 28 फरवरी 2021 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम आयोजन करने के संबंध में।

प्रसंगः –B.C.S.T का पत्रांक 105 दिनांक – 21.02.2021

महाशय्

उपरोक्त विषय के संबंध में सादर सूचित करना है कि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्रालय, नई दिल्ली और बिहार कॉउन्सिल ऑन साईन्स एण्ड टेक्नोलोजी, पटना (विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग) के संयुक्त तत्वाधान में देश के महान वैज्ञानिक एवं नोबेल पुरस्कार विजेता सर सी० वी० रमण की यादगार में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस राज्य स्तर पर मनाया जाना है। इस वर्ष "Future of STI (Science Technology and Innovation) Impacts on Education, Skills and Work" को मुख्य विषय के रूप में रखा गया है।

27 फरवरी को राजकीय पोलिटेकनिक, लखीसराय में नौंवी कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के छात्र/छात्राओं की प्रतियोगिताओं का आयोजन 10 बजे दिन से होना है।

आयोजन की विवरणी निम्न है : –

1. संवाद दक्षता प्रतियोगिता
   विषय –Future of Science Technology & Innovation Impacts on Education Skills and work
2. चित्रांकन प्रतियोगिता
3. Quiz प्रतियोगिता

उक्त प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को विभागीय स्तर से दिनांक – 28/02/2021 को पटना स्थित तारामंडल में सम्मानित किया जाएगा। संबंधित छात्र/छात्राओं को यात्रा पर आने वाले व्यय भार का भुगतान राजकीय पोलिटेकनिक, शेखपुरा के स्तर से दिया जाएगा।

द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को संस्थान स्तर से दिनांक – 27/02/2021 को ही सम्मानित किया जाएगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों को अपने स्तर से निर्देशित किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग ले सके।

इस कार्यक्रम की सूचना **श्री रवि रोशन**, नोडल पदाकिारी **(मो0 9122769499)** से प्राप्त की जा सकती है।

आपका सहयोग अपेक्षित है।

धन्यवाद।

अनुलग्नक : – बिहार कॉउन्सिल ऑन साईन्स एण्ड टेक्नोलोजी
का पत्रांक –B.C.S.T – 105 दिनांक – 21/02/2021

विश्वासभाजन

22.02.2021

प्राचार्य

राजकीय पोलिटेकनिक शेखपुरा

Email ID- principal.gpsheikhpura@gmail.com

Scanned by CamScanner

शिक्षा विभाग
कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, लखीसराय
बिहार–811311

बिहार सरकार

Email ID-deolakhisarai.edn@gmail.com
Mob. No-8544411516

पत्रांक :– 791 लखीसराय,दिनांक– 22-02-2021

प्रेषक,

संजय कु0 सिंह,
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
लखीसराय।

सेवा में,

1. जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,माध्यमिक शिक्षा,लखीसराय।
2. प्रखंड साधन सेवी, माध्यमिक शिक्षा, लखीसराय।
3. जिल के माध्यमिक/उच्च माध्यमिक एवं निजी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान, जिला–लखीसराय।

विषय :– <u>28 फरवरी 2021 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम अंतर्गत कक्षा–09वीं से 12वीं के छात्र/छात्राओं की प्रतिभागिता दिनांक–27 फरवरी 2021 को राजकीय पॉटिलेकनिक, लखीसराय में कराने के संबंध में।</u>

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्राचार्य, राजकीय पॉलिटेकनिक, लखीसराय के पत्रांक–432, दिनांक–22.02.2021 एवं राजकीय पॉलिटेकनिक, शेखपुरा के पत्रांक–156, दिनांक–22.02.2021 की छाया प्रति संलग्न में वर्णित तथ्यों के आलोक में निदेश है, कि दिनांक–27.02.2021 को राजकीय पॉलिटेकनिक, लखीसराय में कक्षा–09वीं से 12वीं तक के छात्र/छात्राओं की प्रतिभागिता आयोजित प्रतियोगिता में सुनिश्चित करायी जाय।

आयोजन की विवरण निम्नवत् है :–

1. व्याख्यान प्रतियोगिता
   विषय– Future of Science Technology & Innovation Impacts on Education Skills and work
2. चित्रांकन प्रतियोगिता
3- Quiz प्रतियोगिता

ज्ञात हो कि उक्त प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को विभागीय स्तर से दिनांक–28.02.2021 को पटना स्थित तारामंडल में सम्मानित किया जाएगा। संबंधित चयनित छात्र/छात्राओं को यात्रा व्यय एवं दैनिक भत्ता राजकीय पॉलीटेकनिक, लखीसराय एवं शेखपुरा द्वारा किया जायेगा।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मा0 शि0, लखीसराय एवं प्रखंड साधन सेवी, मा0 शि0, लखीसराय को निदेश है, कि सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधान को संसूचित करते हुए आयोजित प्रतियोगिता में छात्र/छात्राओं की प्रतिभागिता सुनिश्चित करायी जाय। साथ ही श्री रवि रौशन, नोडल पदाधिकारी, मो0–9122769499 से उक्त कार्यक्रम में संदर्भ में सम्पर्क स्थापित करेंगे।

<u>अनु0–यथोक्त।</u>

विश्वासभाजन
22.2.21
(संजय कु0 सिंह)
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
लखीसराय।

ज्ञापांक :– 791 लखीसराय,दिनांक– 22-02-2021

प्रतिलिपिः–प्राचार्य, राजकीय पॉलिटेकनिक, लखीसराय के पत्रांक–432, दिनांक–22.02.2021 एवं राजकीय पॉलिटेकनिक, शेखपुरा के पत्रांक–156, दिनांक–22.02.2021 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

22.2.21
(संजय कु0 सिंह)
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
लखीसराय।

E:\Year-2021\DPO Secondary Letter-2021.docx

Scanned by CamScanner